# इण्टरमीडिएट परीक्षा, 2014

## रसायन विज्ञान—द्वितीय प्रश्नपत्र

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **375 (HT)** **[पूर्णांक : 35**

**1.** इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड में **चार** विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए—

(क) निम्नलिखित विलयनों में किसका सर्वाधिक परासरण दाब है— 1

(i) 1 $M$ KCl (ii) 1 $M\,(NH_4)_3PO_4$
(iii) 1 $M\,BaCl_2$ (iv) 1 $M\,C_6H_{12}O_6$

(ख) सोडियम क्लोराइड क्रिस्टल की संरचना है— 1

(i) फलक केन्द्रित घन (ii) मोनोक्लिनिक
(iii) ऑर्थोरॉम्बिक (iv) चतुष्कोणीय।

(ग) यदि $FeCl_3$ विलयन को अम्लीय लासेग्ने विलयन में मिलाने पर रक्त के समान रंग उत्पन्न होता है। यह परीक्षण ............ तत्व/तत्वों की उपस्थिति सूचित करता है। 1

(i) N (ii) N एवं S
(iii) S (iv) N एवं Cl.

(घ) आयोडोफॉर्म परीक्षण नहीं दिया जाता है— 1

(i) एथेनॉल द्वारा (ii) एथेनल द्वारा
(iii) बेन्जोफीनोन द्वारा (iv) ऐसीटोफीनोन द्वारा।

(ङ) निम्नलिखित में कौन-सा ऐरोमैटिक यौगिक नहीं है— 1

(i) बेन्जीन (ii) ऐनिलीन
(iii) साइक्लोहेक्सेन (iv) पिरीडीन।

**2.** (क) मात्रक कोष्ठिका को किसी एक उदाहरण के साथ परिभाषित कीजिए। 1

(ख) संश्लेषित अपमार्जक क्या होते हैं? किन्हीं दो अपमार्जकों के नाम लिखिए। 1

(ग) लिपिड क्या है? इनके मुख्य कार्य क्या हैं? 1

(घ) नाइट्रोबेन्जीन के उदासीन माध्यम में अपचयन की अभिक्रिया लिखिए। 1

**3.** (क) वाण्ट-हॉफ गुणांक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 1

(ख) रीमर-टीमेन अभिक्रिया को समीकरण सहित लिखिए। 1

(ग) $C_6H_5—CONH_2 \xrightarrow{P_2O_5} A \xrightarrow[{[H^+]}]{H_2O} B$ में $A$ और $B$ के रासायनिक सूत्र लिखिए। 1

(घ) फ्रीडल-क्राफ्ट्स अभिक्रिया का एक उदाहरण दीजिए। 1

**4.** (क) योगात्मक बहुलक एवं संघनन बहुलक में क्या अन्तर है? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) द्रव्य-अनुपाती क्रिया के नियम का उल्लेख कीजिए। अभिक्रिया $\frac{1}{2}N_2+\frac{3}{2}H_2 \rightleftharpoons NH_3$ के लिए $K_c$ का मान लिखिए। 2

(ग) अभिक्रिया की कोटि से आप क्या समझते हैं? शून्य कोटि की अभिक्रिया के लिए वेग स्थिरांक का मान तथा मात्रक ज्ञात कीजिए। 2

(घ) निम्नलिखित में अन्तर कीजिए— 2

(i) ग्लूकोस तथा सुक्रोस
(ii) स्टार्च तथा सुक्रोस।

**5.** (क) द्रव-स्नेही तथा द्रव-विरोधी कोलॉइडों में क्या अन्तर है? इनका शोधन किस प्रकार किया जाता है? 2

(ख) केरियस विधि द्वारा हैलोजेन के आकलन में, 0·40 ग्राम कार्बनिक यौगिक से 0·47 ग्राम AgBr प्राप्त हुआ। यौगिक में ब्रोमीन की प्रतिशतता ज्ञात कीजिए। [Ag = 108, Br = 80] 2

(ग) ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम क्या है? इसके गणितीय रूप का व्यंजक लिखिए। एन्थैल्पी तथा ऊर्जा परिवर्तन में क्या सम्बन्ध है? 2

(घ) आप कैसे प्राप्त करेंगे (केवल रासायनिक समीकरण लिखिए)— 2

(i) बेन्जीन से ऐसीटोफीनोन?
(ii) एथिलीन से फॉर्मेल्डिहाइड?

**6.** फीनोल बनाने की किन्हीं दो विधियों के समीकरण लिखिए। फीनोल में —OH समूह की उपस्थिति दर्शाने के लिए दो रासायनिक अभिक्रियाओं के समीकरण भी लिखिए। 3

***अथवा***

क्या होता है जब (केवल रासायनिक समीकरण लिखिए)—

(i) एथिल ऐल्कोहॉल को ब्लीचिंग पाउडर के साथ गर्म करते हैं?

(ii) डाइएथिल ईथर $PCl_5$ से अभिक्रिया करता है?

(iii) फीनोल को सान्द्र $HNO_3$ तथा सान्द्र $H_2SO_4$ के मिश्रण के साथ गर्म किया जाता है? 3

**7.** बेन्जैल्डिहाइड बनाने की किन्हीं दो विधियों के रासायनिक समीकरण लिखिए। क्या होता है जब बेन्जैल्डिहाइड (i) ऐल्कोहॉलिक KCN तथा (ii) टॉलेन अभिकर्मक के साथ क्रिया करता है? 3

***अथवा***

निम्नलिखित अभिक्रियाओं को पूर्ण कीजिए— 3

(i) $(CH_3COO)_2Ca \xrightarrow{\Delta}$ ......+.......

(ii) $CH_3COOH \xrightarrow[\text{(ii) } Br_2 + KOH]{\text{(i) } NH_3}$ ......

(iii) $C_6H_5\overset{\overset{\displaystyle O}{\|}}{C}—CH_3 \xrightarrow[\Delta]{NaOH+I_2}$ ....+$C_6H_5COONa$

$NaCl+H_2O$